महत्वपूर्ण एवं खास

छुईखदान धंसने से दो मजदूरों की मौत

सरगुजा-रायपुर (आरएनएस)। छुई (पीली मिट्टी) खदान में खुदाई करने पहुंचे दो ग्रामीणों की खदान धंसने से मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों मजदूरों की मौत हो चुकी थी। सूत्रों ने बताया कि घटना कुन्नी चौकी के जमदरा बिजोरा नाला के पास है। यहां छुई मिट्टी का एक खदान है। दोनों ग्रामीण त्योहारी सीजन के मद्देनजर छुई निकालने के लिए खदान में उतरे थे। सुबह 6 बजे के आसपास अचानक मलबा धंस गया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कुन्नी चौकी पुलिस ने दोनों के शव को बाहर निकाला। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के भेज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

उधार पैसा वापस मांगने पर युवक के गले में मारा चाकू

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में उधार दिए हुए पैसे वापस मांगने पर एक युवक ने दूसरे पर चाकू घोंप दिया है। चाकू युवक के गले को चीरते हुए अंदर घुस गया। जिससे युवक बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल इस मामले में आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज लिया है। इस मामले में प्रार्थी सोहेल सुफी अहमद ने आजाद चौक थाने में एफआईआर दर्ज करवाया। उसने पुलिस को बताया कि मंगलवार को रात 10:30 के करीब लिली चौक के पास पहुंचा था। तभी वहां पर शिवम धीवर और तुषार जायसवाल दिख गए। सोहेल ने शिवम से 2 महीने पहले दिए हुए उधारी के 5 हजार रुपए वापस मांगे। शिवम ने पैसे देने के लिए आनाकानी की। जिसके बाद सोहेल ने शिवम की गाड़ी की चाबी खींच ली। इस बात से शिवम नाराज हो गया। उसने अपने पास रखे चाकू को निकाल कर सोहेल के गर्दन और गले पर वार कर दिया। चाकू सोहेल के गले को चीरते हुए अंदर घुस गया जिससे तेजी से खून निकलने लगा। सोहेल घायल होकर जमीन पर गिर गया आसपास मौजूद लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल इस मामले में आजाद चौक पुलिस में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

भाजपा नेताओं को माओवादियों ने दी पार्टी छोड़ने की धमकी

बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)। माओवादियों ने एक प्रेस नोट जारी कर बीजापुर के दो भाजपा नेताओं को पार्टी छोडऩे फरमान सुनाया है। नक्सलियों ने दोनों पर कई आरोप भी लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये प्रेस नोट नक्सलियों के मद्देड एरिया कमेटी के सचिव बुच्छन्न ने जारी किया है। इसमें भोपालपटनम के 2 भाजपा नेताओं को पार्टी छोडऩे को कहा गया है। जिन नेताओं को पार्टी छोडऩे कहा है, वे मंडल अध्यक्ष यालम वेंकेटश्वर और युवा मोर्चा नेता बिलाल खान है। नक्सलियों ने दोनों नेताओं पर संगठन को मजबूत करने का आरोप लगाया है। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि नक्सलियों की काली करतूत थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को बीजापुर में ही धारदार हथियार से वार कर एक ग्रामीण की हत्या कर दी थी। युवक पर पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाया था। जिसके बाद उसे मारकर शव गांव के रास्ते में फेंक दिया गया। नक्सलियों ने पर्चा के माध्यम से कहा कि इसकी जिम्मेदार सिर्फ छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है।

राजधानी में हुई बारिश के बाद मौसम हुआ सुहावना

रायपुर (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण छत्तीसगढ़ में अभी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बुधवार को एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य रही। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को रायपुर में आधे घंटे हुई झमाझम बारिश के बाद पारा चार डिग्री तक गिर गया। रायपुर में आधे घंटे की बारिश में 10 मिमी और रामानुजगंज में 60 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

बैक टू आयुर्वेद : छत्तीसगढ़ के धमतरी में बूटीगढ़ की स्थापना

- आयुर्वेदिक रसशाला बन रही आकर्षण का केंद्र
- वनसंपदा को सहेजने और आमजन को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने मुख्यमंत्री ने किया प्रेरित

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में जल संरक्षण और आयुर्वेद को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यहां आयुर्वेदिक चिकित्सा और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष प्रयास किया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला नवाचार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयुष विभाग और धमतरी जिला प्रशासन के इस नवाचार की सराहना की है और ज्यादा से ज्यादा वन संपदा को सहजने और लोगों को आयुर्वेद के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है।इस पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन ने आयुर्वेद को स्थानीय लोगों के जीवन में सम्मिलित करने के लिए विशेष रूप से जिले के वंनाचल ग्राम सिंगपुर (बूटीगढ़) में आयुष रसशाला (औषधीय पेय केंद्र) की स्थापना की गई है।

बूटीगढ़ क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से औषधिगुणयुक्त पौधे पाये जाते हैं, इसलिए यहां हर्बेरियम का निर्माण किया जा रहा है। औषधिगुणयुक्त पौधों के संवर्धन, प्रचार-प्रसार और उपयोगिता के लिए रसशाला निर्मित किया जा रहा है। इस रसशाला के माध्यम से स्थानीय लोगों, छात्रों और पर्यटकों को रसपान का लाभ मिल सकेगा। आयुर्वेद में पानी का महत्व अनमोल है, क्योंकि यह शरीर के सभी प्रमुख तत्वों को संतुलित रखता है। धमतरी जिले में "जल जगार" कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ आयुर्वेदिक पेय पदार्थों और औषधियों की उपयोगिता को भी प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में उपस्थित आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने बूटीगढ़ और रसशाला के महत्व को बताते हुए यह जानकारी दी कि कैसे एक परिवार और समाज शुद्ध पानी और आयुर्वेदिक खानपान को अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। बेहतर मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य के लिए दिया जा रहा काढ़ा

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि 160 प्रकार की जड़ी-बूटियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से पहले चरण में बूटीगढ़ में 25,000 पौधे लगाए गए हैं। इनमें से कुछ ऐसी जड़ी-बूटियाँ हैं जिन्हें आयुर्वेदिक उपचार के लिए चूर्ण या टैबलेट बनाकर इस्तेमाल भी किया जा रहा है। समय के साथ जब बूटीगढ़ विकसित होने लगेगा तो रसशाला के जरिए लोगों को आयुर्वेद के प्रति और भी जागरूक किया जा सकता है। इसके साथ ही बूटीगढ़ में विलुप्त होने वाली जड़ी-बूटियों को भी सहजा जा रहा है, ताकि भविष्य में इन पर शोध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न आयुष केंद्रों में योग करने आये लोगों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं , किशोर-किशोरियों व बच्चों को विभिन्न जड़ी-बुटियों से बना काढ़ा, औषधी स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे लोगों के मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

हृदय रोगियों के लिए रामबाण है 'अर्जुन क्षीरपाक'

डॉ. अवध पचौरी के मुताबिक कोविड काल के बाद से ही लगातार ये देखा जा रहा है कि अचानक हार्ट अटैक से किसी भी उम्र वर्ग के व्यक्ति की ऑन-द-स्पॉट मृत्यु हो रही है, जान बचाने के लिए समय भी नहीं मिल पा रहा है, जो एक चिंता का विषय बन चुका है। आयुर्वेद में अर्जुन पेड़ की छाल से बनें 'अर्जुन क्षीरपाक' के नियमित सेवन इंस्टेंट हार्ट अटैक के मामलों में कमी लाई जा सकती है। अर्जुन की छाल में विशेष औषधीय गुण होते हैं, जो हृदय की धमनियों को मजबूती प्रदान करते हैं और हृदय की मांसपेशियों को शक्ति देते हैं। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए अत्यधिक लाभकारी है, जिन्हें हृदय संबंधी समस्याएं हैं या जिनमें हार्ट अटैक का खतरा अधिक होता है।

सामान्य जीवन में बेहद लाभकारी है आयुर्वेदिक औषधियाँ

जिला आयुष अधिकारी डॉ. गुरूदयाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में जिले में हुए जल जगार महोत्सव में आयुष विभाग की प्रदर्शनी में बूटीगढ़ और रसशाला की प्रदर्शनी में मुनगा (सहजन) जैसे पौधों के औषधीय गुणों को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें मुनगा का सूप बनाने की विधि बताई गई। साथ ही, विभिन्न जड़ी-बूटियों का अर्क डिस्टिलेशन प्रक्रिया के माध्यम से निकाला गया, जिससे रोज़मर्रा के जीवन में उपयोगी औषधियाँ तैयार की जा सकती हैं।

बूटीगढ़ और रससाला का उद्देश्य ही यही है कि आमजनों को ज्यादा से ज्यादा औषधीय गुणों से भरे पेड़-पौधों को लेकर जागरूक किया जाए। हमारे घरों में ही कितनी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियाँ उपलब्ध होती हैं, जिसके सेवन से मौसमी बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। डॉ. गुरूदयाल आगे बताते हैं कि राशि रत्न पौधों को लगाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा औषधीय पौधरोपण से प्रकृति को भी सहजा जा रहा है और जल सरंक्षण में भी यह कदम सराहनीय है। साथ ही औषधीय पेड़-पौधों से जीवन में सकारात्मकता भी बढ़ती है।

साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा : रायगढ़ पुलिस ने प्लांट कर्मियों और आम नागरिकों को किया साइबर अपराधों से सतर्क

रायगढ़

साइबर जागरूकता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत आज थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के एनआरवीएस प्लांट, बीएस प्लांट और थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत जेएसडब्लु प्लांट में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूंजीपथरा क्षेत्र के एनआरवीएस प्लांट और बीएस प्लांट कार्यक्रम का नेतृत्व साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, आरक्षक नवीन शुक्ला और समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों को सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स और साइबर सुरक्षा के महत्व पर जानकारी दी गई। दुर्गेश सिंह ने बताया कि अधिकांश साइबर अपराध सोशल मीडिया प्रोफाइल की सुरक्षा में कमी के कारण होते हैं, जिससे डेटा चोरी और ठगी जैसी समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने ओटीपी फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन और यूपीआई फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से सावधान रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और उपस्थित लोगों के बीच जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

देर शाम थाना भूपदेवपुर क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल, थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव और हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल की उपस्थिति में साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।

एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल ने जानकारी दी कि देश में प्रतिदिन 7000 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज होती हैं। उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के लिए जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या अनजान व्हाट्सएप ग्रुप से दूर रहें और निवेश करने से पहले कंपनी की सच्चाई जांच लें।

डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान में हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन की भूमिका को सराहा और क्लब के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने बताया कि वहीं जिस प्रकार साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं , पुलिस को इस वृहद जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता हुई, केवल जागरूकता से ही साइबर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है जो जनमानस के जागरूक होने पर ही संभव है। उन्होंने बताया कि प्लांट कर्मी रेगुलर इनकम वाले होते हैं, साइबर ठग ऐसे व्यक्तियों को फेक व्हाटसअप ग्रुप, टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ते हैं और फेक कंपनियों में इनवेस्ट के नाम पर ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेडिंग, स्टॉक मार्केट में निवेश करने से पहले कंपनी की सत्यता की जांच करें। साइबर अपराधी बड़े पैमाने पर ठगी करते हैं, उनका चैनल लेयर में काम करता है, एक बार रुपए निकलने के बाद रुपए रिकवर करने में काफी कठिनाइयों होती है। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी के मामले में एआईआर करना आवश्यक नहीं है, पीड़ित शीघ्र डायल 1930 और साइबर हेल्प लाइन व्हाट्सएप नंबर 9479281934 में अपनी शिकायत दर्ज कर ठगी के रुपये होल्ड कराकर पुलिस के माध्यम से न्यायालय आदेश पर प्राप्त कर सकते हैं।

महिला समूह बनाकर बैंकों से निकाला लाखों का लोन, दंपत्ति फरार

कोरबा-रायपुर | आरएनएस

जिले में फ्लोरा मैक्स कंपनी का नया कारनामा सामने आया है, जहां पति-पत्नी ने पैसे निवेश करने के नाम पर महिला समूह को लाखों का चूना लगाया है. बैंक से लोन लेकर दंपती फरार हो गया है. महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मामले की शिकायत कर पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. यह मामला नवापारा रोगदा गांव का है। जानकारी के मुताबिक, फ्लोरा मैक्स कंपनी में पैसे निवेश करने का झांसा देकर नवापारा रोगदा गांव के निवासी एक दंपत्ती ने गांव के ही सैकड़ों लोगों को लाखों का चूना लगाया है. महिलाओं ने बताया, पति-पत्नी ने महिला समूह बनाकर 8 बैंकों से 46 लाख 31 हजार रुपयों का लोन निकलवाया. कुछ महीनों तक किश्त भरने के बाद दोनों पैसे लेकर फरार हो गए. किश्त के लिए बैंक से नोटिस आने के बाद महिलाओं के होश उड़ गए हैं। महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मामले की शिकायत की है और पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. बता दें कि कुद दिनों पहले सिटी मॉल में संचालित फ्लोरा मैक्स कंपनी में लूट और डकैती की घटना हुई थी. इस दौरान कंपनी पर कई सवाल उठे थे।

रेस्ट हाउस में मजदूर से मारपीट, दो गिरफ्तार

डोंगरगढ़-रायपुर | आरएनएस

प्रार्थी चन्द्रशेखर वर्मा पिता सेवकराम वर्मा उम्र- 51 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 जो करवारी फारेस्ट नाका में खाना बनाने का मजदूरी कार्य करता है जो दिनांक'- 08।10।2024 एवं 09।10।2024 के बीच रात्रि में करवारी फारेस्ट रेस्ट हाउस में खाना गरम कर मेला ड्यूटी में आये अधिकारियों के लिये खाना परोस रहा था कि उसी समय डोंगरगढ़ का राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल खाना बनाने वाले रूम में आकर हम लोग पत्रकार है बोलते हुये प्रार्थी के साथ गाली-गलौज किये और खाना लगाओ बोले प्रार्थी के द्वारा अभी साहब लोगों को खाना दुंगा कहने पर राहुल ओझा एवं विमल अग्रवाल ने दारू पीने के लिये पैसे दो कहते हुये प्रार्थी के पैंट की जेब में हाथ डालकर 500/-रू0 निकाल लिये एवं प्रार्थी से धक्का-मुक्की कर जान से मार देने की धमकी दिये जिसकी लिखित शिकायत पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके एक माह पूर्व आरोपी राहूल ओझा के द्वारा शराब के नशे में सीएचसी डोंगरगढ़ के प्रसव कक्ष में घुंसकर गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया था जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0- 432/2024 धारा- 221, 296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है।

नाम आरोपी:- 01 विमल अग्रवाल पिता स्व0 गोविन्द लाल अग्रवाल उम्र- 40 साल निवासी वार्ड न0-19 कोर्ट रोड डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव। 02 राहुल ओझा पिता अषोक ओझा उम्र- 31 साल साकिन ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव।

गोवर्धनपुर पुल से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित, आदेश जारी

- पुल स्लैब कांक्रीट परीक्षण मानकों में भारी वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं, जन सुरक्षा हेतु आवागमन प्रतिबंधित करने मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी ने की अनुशंसा
- वैकल्पिक मार्ग रायगढ़-पूंजीपथरा-तमनार हुकराडीपा चौक-धौराभांठा- हमीरपुर-रायगढ़ इंदिरा विहार से आवागमन के लिए अधिसूचना जारी

रायगढ़

लोकनिर्माण विभाग के सेतु मंडल रायगढ़ की अनुशंसा पर जन सुरक्षा को देखते हुए गोवर्धनपुर के निकट केलो नदी पर बने पुल से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। अपर जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जो तत्काल प्रभावशील होगा।

जारी आदेश में उल्लेख है कि कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण मण्डल रायगढ़ के दिनांक 08 अक्टूबर 2024 के अनुसार उच्च स्तरीय सेतु के स्लैब के कांक्रीट का परीक्षण मार्शल जियो टेस्ट लैब रायपुर एवं मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र रायपुर माध्यम से करवाया गया जिसमें कांक्रीट के परीक्षण परिणाम भारी वाहनों के आवागमन हेतु मानक अनुरूप प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में उच्चाधिकारियों द्वारा पुल के स्लैब को तोड़कर नये स्लैब बनाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। अत: ऐसी स्थिति में पुल के पुर्ननिर्माण कार्य प्रारंभ होते तथा भारी वाहनों के यातायात को प्रतिबंधित किए जाने की अनुशंसा की गई है एवं सुरक्षा की दृष्टि से उक्त उच्चस्तरीय सेतु पर से भारी वाहनों के यातायात को प्रतिबंधित करते हुए वैकल्पिक मार्ग व्हाया रायगढ़-पूंजीपथरा-तमनार हुकराडीपा चौक-धौराभांठा-हमीरपुर-रायगढ़ इंदिरा विहार से आवागमन किये जाने संबंधी अधिसूचना जारी किए जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त पत्र का परीक्षण करते हुए तकनीकी विशेषज्ञ इकाई द्वारा प्रतिवेदित तथ्यों का सुक्ष्म अवलोकन किया गया। परीक्षण उपरांत व्यापक लोकहित में जान-माल की सुरक्षा की भावना को दृष्टिगत रखते हुए रायगढ़ बाईपास मार्ग में गोवर्धनपुर के निकट केलो नदी पर निर्मित उच्चस्तरीय पुल पर से भारी वाहनों के आवागमन को आगामी आदेश पर्यन्त तत्काल प्रतिबंधित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

बंदी की मौत पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा, परिजनों को दें मुआवजा

बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस

जेल में बंदी की मौत के लिए राज्य के कर्मचारियों को जिम्मेदार मानते हुए हाईकोर्ट ने शासन को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि आदेश का पालन नहीं होने पर उक्त राशि पर 9 प्रतिशत ब्याज देना होगा। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, सीपत पुलिस ने 18 जनवरी को ग्राम मोहरा निवासी 35 वर्षीय श्रवण सूर्यवंशी उर्फ सरवन तामरे को कच्ची शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था. मेडिकल कराने के बाद उसे 18 जनवरी को बिलासपुर केन्द्रीय जेल भेज दिया गया. 21 जनवरी को स्वास्थ्य खराब होने पर जेल से उसे सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां 22 जनवरी की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर उसी दिन शाम को पोस्टमार्टम कराया, जिसमें सिर में चोट व सदमे से उसकी मौत होने की बात कही गई. मृतक श्रवण की बेवा लहार बाई व नाबालिग बच्चों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मुआवजा की मांग की. मामले की न्यायिक जांच कराई गई, इसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने जांच प्रतिवेदन में सिर के चोट लगने के कारण मौत होने की रिपोर्ट दी। मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता मृतक की विधवा पत्नी और बेटियाँ हैं. राज्य के कर्मचारियों की लापरवाही से मौत हुई है. गलत तरीके से हुए नुकसान के लिए बंदी के परिजन मुआवजे के हकदार हैं। कोर्ट ने बार-बार इस तरह के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस/जेल अधिकारी इसका हिस्सा है. राज्य एक निवारक प्रभाव डाले, ताकि उसके अधिकारी ऐसा न करें. ऐसे कृत्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाए. इसके साथ ही श्रवण सूर्यवंशी की असामयिक मृत्यु पर कोर्ट ने शासन को याचिकाकर्ताओं को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

रेलवे की नई व्यवस्था

ट्रेन में टीटीई से बचकर भागना अब मुश्किल, वॉकी-टॉकी से पकड़े जाएंगे बिना टिकट यात्री

रायपुर | आरएनएस

ट्रेन में बिना टिकट लिए सफर करने वाले यदि टीटीई को देखकर दूसरे दरवाजे से भागने की कोशिक करेंगे, तो अब टीटीई अपने साथी को उसका हुलिया तुरंत बता देंगे। इसके लिए 100 टीटीई स्टॉफ को वॉकी-टॉकी दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने यात्री सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है।

ट्रेनों के टिकट जांच कर्मचारियों, टीटीई को वॉकी-टॉकी दिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है।

वॉकी-टॉकी उपकरणों की मदद से टीटीई आपातकालीन स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे त्वरित सहायता और बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। इससे आरएसी और वेटिंग टिकट क्लीयर करने में भी मदद मिलेगी। अन्य कोच में बिठाए गए यात्रियों को उनकी आरक्षित सीटों पर बिठाने में सुविधा होगी।

जरूरतमंद यात्रियों को मिल रही मदद

यात्री सेवा तथा सुविधा को और बेहतर बनाने, आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तहत ट्रेनों के टीटीई, कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी उपकरण प्रदान किए गए हैं। इस उपकरण की सहायता से भनवारटंक घाट सेक्शन व दघोरा-जामगा जैसे नेटवर्क विहीन सेक्शनों में आपातकालीन स्थिति में टीटीई कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को बेहतर सहायता पहुंचा पा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के अन्य कोच में कार्यरत सहयोगी टीटीई स्टाफ आपसी समन्वय स्थापित कर आरएसी, वेटिंग टिकट क्लीयर करने तथा अन्य कोच में बैठे यात्रियों को उनके आरक्षित कोच व सीट में बैठाने जैसी बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित कर रहे हैं। स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को भी हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही।

आपसी संवाद और सहयोग होगा मजबूत

बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन के सभी टिकट जांच स्टाफ को वॉकी-टॉकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य ट्रेन संचालन में सुधार लाना और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करना है।

वॉकी-टॉकी के माध्यम से टिकट जांच स्टाफ एक-दूसरे से तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे किसी भी आपात स्थिति में या टिकट जांच के दौरान त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि वॉकी-टॉकी के उपयोग से ट्रेन स्टाफ के बीच संचार तंत्र में उल्लेखनीय सुधार होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस उच्च गति और उन्नत सुविधाओं के लिए जानी जाती है। इसमें यह नई व्यवस्था यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी।